**दिनांक–13.03.2026 को अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं के उपभोक्ता संख्याओं के विद्युत विपत्रों के विरूद्ध प्रतिवेदित बकाये राशि के भुगतान विषयक हेतु समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–**

---

- **विद्युत विपत्रों की भुगतान की स्थिति :–**
  - सर्वप्रथम मुख्य अभियंता (यांत्रिक) द्वारा संज्ञान में लाया गया कि अधीक्षण अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, भागलपुर, पूर्णियाँ एवं सहरसा द्वारा उनके अधीनस्थ प्रमंडलों का PWS/MVS/SVS/MINI संबंधित 38 कॉलम प्रतिवेदन उनके एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के मंतव्य के साथ अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। साथ ही अधिकांश अंचलों द्वारा समर्पित उक्त प्रतिवेदन अपूर्ण अथवा त्रूटिपूर्ण है। इस पर खेद व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधीक्षण अभियंताओं को अविलंब संशोधित एवं त्रुटि रहित प्रतिवेदन (Soft and Hard copy) अपने एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के स्पष्ट मंतव्य के साथ समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता इसका अनुश्रवण करते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे।

    **अनुपालनः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी।**

  - लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा की समीक्षा के क्रम में अधीक्षण अभियंता, अंचल, गयाजी एवं उपस्थित सहायक अभियंता से 38 कॉलम से संबंधित रिपोर्ट के बारे में पृच्छा की गई जिस पर उनके द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। फलतः अधीक्षण अभियंता, गयाजी एवं कार्यपालक अभियंता, यांत्रिक प्रमंडल, गयाजी को PWS ओड़ो, PWS समरीगढ़, PWS मरूई, PWS मेसकॉर, PWS अकबरपुर SVS चोरम, SVS सिरपतिया, SVS कहुआरा, SVS हरिनारायणपुर एवं SVS मोतीनगर योजनाओं का संयुक्त स्थल निरीक्षण कर तीन दिनों के अन्दर विस्तृत जाँच/निरीक्षण प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

    **अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, गयाजी/ कार्यपालक अभियंता, यांत्रिक प्रमंडल, गयाजी।**

  - लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, भागलपुर की समीक्षा के क्रम में अधीक्षण अभियंता, भागलपुर अनुपस्थित पाए गए। यह भी संज्ञान में आया कि विद्युत संबंधी समीक्षा में वे पूर्व में भी अनुपस्थित थे। इसके अतिरिक्त भागलपुर अंचल अंतर्गत प्रमंडलों में विद्युत संबंधित भुगतान की स्थिति असंतोषजनक है। इससे यह परिलक्षित होता है कि विद्युत भुगतान हेतु इनके स्तर से कोई अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है। इस पर खेद व्यक्त करते हुए संबंधित अधीक्षण अभियंता, अंचल, भागलपुर से प्रशाखा 05/11 से स्पष्टीकरण करने हेतु निदेशित किया गया।

    **अनुपालनः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव।**

- समीक्षा के क्रम में संज्ञान में आया कि सासाराम प्रमंडल अंतर्गत कई योजनाओं में एक से अधिक विद्युत मीटर अधिष्ठापित है एवं सभी कार्यरत हैं जिसके फलस्वरूप विद्युत खपत में अनावश्यक बढ़ोतरी हो रही है। इस पर संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं सहायक यांत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी, डेहरी को निदेशित किया गया कि अविलंब उक्त योजनाओं का संयुक्त निरीक्षण करें एवं जहाँ एक से अधिक विद्युत मीटर की आवश्यकता न हो वहाँ पर एक को छोड़कर अन्य विद्युत मीटर को अकार्यरत कराएं ताकि प्रत्येक योजना में सही विद्युत खपत के आधार पर विपत्रीकरण हो सके। ऐसी स्थिति अन्य प्रमंडलों में भी हो सकती है। सभी कार्यपालक अभियंताओं एवं सहायक यांत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी को भी निदेशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रांतर्गत ऐसी सभी योजनाओं में यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक योजना में आवश्यकतानुसार ही विद्युत मीटर अधिष्ठापित हो एवं वास्तविक विद्युत खपत के आधार पर विपत्रीकरण हो।

**अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता /सभी सहायक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी/सभी संबंधित सहायक अभियंता।**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 141/योज-105/25-257 दिनांक– 23/3/26
प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 141/योज-105/25-257 दिनांक– 23/3/26
प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 141/ओ66-105/25-257 दिनांक– 23/3/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 141/ओ66-105/25-257 दिनांक– 23/3/26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)